प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बेहाल, जमशेदपुर में स्वर्णरेखा और खरकई नदी का जलस्तर बढ़ा, नदी तट पर रहने वालों को शेल्टर होम मे किया जा रहा है शिफ्ट, रांची में आज सभी स्कूल बंद।
2. पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 10 जुलाई को रांची में प्रस्तावित, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे अध्यक्षता, राज्य की गृह सचिव वंदना डाडेल ने अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।
3. नक्लसियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लातेहार में नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण।
4. धनबाद में सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई, बीसीसीएल क्लर्क और सीएमपीएफओ अधिकारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार, पलामू में एसीबी ने सीओ को घूस लेते पकड़ा।
5. नवल टाटा हॉकी झारखंड सब जूनियर राज्य स्तरीय हॉकी चौंपियनशिप का फाइनल मुकाबला आज, खूंटी और नजमशेदपुर के बीच होगी खिताबी भिड़ंत।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले दो दिनों से रुक–रुक कर लगातार हो रही बारिश से जनजीवन बेहाल हो गया है। मौसम विभाग ने आज रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा जिले के अलावा कोल्हान क्षेत्र में भारी से अति भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए राज्य का आपदा प्रबंधन विभाग ने सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। इसे देखते हुए रांची में आज 12वीं तक के सभी स्कूल बंद कर दिये गये हैं। जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे जिला प्रशासन की गाइडलाइन का अनुपालन करें।

******************

उधर, पूर्वी सिंहभूम में भी पिछले 48 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। बारिश की वजह से स्वर्ण रेखा और खरकई नदी का जलस्तर धीरे–धीरे बढ़ने लगा है। इसे देखते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के चारों नगर निगम के पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। उन्होंने नदी तट पर रहने वाले लोगों को ऊंचे स्थान पर शिफ्ट करने का निर्देश दिया है।

******************

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 10 जुलाई को रांची में होगी। इसकी अध्यक्षता केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। मंत्रालय ने राज्य सरकार को इसकी आधिकारिक सूचना दे दी है। केन्द्रीय गृहमंत्रालय से सूचना प्राप्त होते ही राज्य सरकार ने बैठक की तैयारियां शुरु कर दी है। गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने इस सिलसिले में पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। वरीय आइएएस अधिकारी अमिताभ कौशन को पूरे कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। गौरतलब है कि यह बैठक 10 मई को होने वाली थी लेकिन भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर बैजनाथ सिंह ने लातेहार में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। मौके पर मौजूद पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाये जाने के कारण नक्सलियों में भय है। इस कारण राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर वे मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

******************

धनबाद में सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई टीम ने बीसीसीएल के एक क्लर्क और कोल माइंस प्रोविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन– सीएमपीएफओ के एक अधिकारी को 20 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इन पर एक सेवानिवृत कर्मचारी की राशि की निकासी के एवज में रिश्वत लेने का आरोप है। इधर, पलामू जिले के नावा बाजार के अंचलाधिकारी शैलेश कुमार को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो– एसीबी ने गिरफ्तार किया है। वे जमीन म्यूटेशन के एवज में घूस ले रहे थे।

*******************

कांग्रेस पार्टी ने नगर निगम चुनाव की तैयारियां शुरु कर दी है। इस सिलसिले में रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू भी शामिल हुए। मौके पर प्रदेश प्रभारी ने कहा कि नगर निगम चुनाव कांग्रेस के लिए सिर्फ एक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जनता के बीच अपनी नीतियों, सिद्धांतों और विकास की प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है।

*******************

आजसू पार्टी 22 जून को अपना स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनायेगी। इस सिलसिले में रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डा. देवशरण भगत ने बताया कि दिवस केवल अतीत को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और भविष्य निर्माण का भी समय है।

*******************

हजारीबाग जिले में नशा के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

जगन्नाथ पुरी की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इनमें से तीन रथ यात्रा स्पेशल ट्रेनों का लाभ पश्चिमी सिंहभूम जिले के लोगों को भी मिल पाएगा। बीरमित्रापुर –पुरी वाया चक्रधरपुर, बीरमित्रापुर – पुरी वाया चाईबासा और बड़बिल–पुरी वाया डांगुवापोसी के रास्ते ये स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

*******************

नवल टाटा हॉकी झारखंड सब जूनियर राज्य स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप का फाइनल मैच आज खेला जायेगा। शाम पांच बजे से हॉकी खूंटी और नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। तीसरे स्थान के लिए सिमडेगा और हजारीबाग के बीच मुकाबला होगा। इससे पहले कल सेमीफाइनल मुकाबलों में खूंटी ने हजारीबाग को और जमशेदपुर ने सिमडेगा को पराजित किया।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में हो रही लगातार बारिश की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झारखंड में 31 हजार करोड़ के 15 एमओयू होंगे, 20 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार।

प्रभात खबर ने लिखा है– शिबू सोरेन झारखंड आंदोलनकारी घोषित किये गये।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– डा. पार्वती तिर्की को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार।

दैनिक जागरण लिखता है– हटाये गये उत्पाद सचिव मनोज कुमार, 57 आइएएस इधर–उधर।

***************